हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

12 कोयलीबेड़ा में एक ही मंच पर शिक्षा के दो सितारों ...



12 आदिवासियों व वन समितियों को पेसा कानून के प्रति ...





## खबर संक्षेप

### संशोधित राशन कार्ड कलेक्टर ने सौंपा

**कांकेर।** सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से सरकारी सेवाओं का त्वरित लाभ मिलने का एक और उदाहरण सामने आया है। ग्राम तेलावट निवासी बसंत कुमार साहू ने अपनी तीन वर्षीय पुत्री का नाम राशन कार्ड में जोड़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया, जिसका अगले ही दिन निराकरण कर नाम दर्ज कर दिया गया। कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने संशोधित राशन कार्ड सौंपा। बसंत साहू ने त्वरित सेवा के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य शासन का आभार जताया।

### घायल की इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्से थानांतर्गत फितेफुलचुर निवासी 66 वर्षीय मंगलूराम पुड़ो पिता भैदूराम का 30 अप्रैल को सड़क दुर्घटना के कारण मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### पंच दिनी हनुमंत यज्ञ व कथा 3 अगस्त से

**दुर्गुकोंदल।** श्रावण मास के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत जुनवानी के रामपुर जुनवानी भर्रीपारा स्थित श्री हरि विष्णु मंदिर परिसर में 3 से 7 अगस्त तक पंच दिवसीय हनुमंत यज्ञ एवं हनुमंत कथा महोत्सव का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 3 अगस्त सुबह 9 बजे भव्य कलश शोभायात्रा से होगी। प्रतिदिन दोपहर 12 शेष पेज 12 पर

## जर्जर स्कूल भवन में चल रही पढ़ाई

# पुरी का स्कूल भवन जर्जर कभी भी ढह सकता है, 300 बच्चों की जिंदगी दांव पर

संजय सिन्हा ▶▶ चारामा

- छत से झड़ रहे प्लास्टर, बारिश में टपकता है पानी

जहां एक ओर सरकार शिक्षा के बेहतर माहौल और सुरक्षित स्कूल भवनों का दावा कर रही है, वहीं चारामा विकासखंड के ग्राम पुरी में करीब 300 छात्र-छात्राओं का भविष्य और सुरक्षा दोनों ही जर्जर भवन के भरोसे हैं। छत से लगातार प्लास्टर झड़ रहा है, दीवारों में गहरी दरारें पड़ चुकी हैं और बारिश के दिनों में कक्षाओं की छत टपकने से हर दिन किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। इसके बावजूद बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

विकासखंड चारामा के ग्राम पुरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बदहाल स्थिति ग्रामीणों, पालकों और शिक्षकों के लिए लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। विद्यालय का भवन वर्षों पुराना होने के कारण पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भवन की छत और दीवारों की हालत इतनी खराब हो गई है कि कई स्थानों से प्लास्टर टूट-टूटकर नीचे गिर रहा है। दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें साफ दिखाई देती हैं, जिससे भवन की मजबूती पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। बारिश के मौसम में समस्या और भी गंभीर हो जाती है। विद्यालय की कई खिड़कियां टूट चुकी हैं, जिसके कारण बारिश का पानी सीधे कक्षाओं के भीतर पहुंच जाता है। वहीं छत से लगातार पानी टपकने से पढ़ाई बाधित होती है। हालात ऐसे हैं कि शिक्षक स्वयं छत पर तिरपाल डालकर पानी रोकने का प्रयास करते हैं, ताकि किसी तरह कक्षाओं का संचालन जारी रह सके। बावजूद इसके, विद्यार्थियों को हर दिन असुरक्षित माहौल में पढ़ाई करनी पड़ रही है। नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही ग्रामीणों, पालकों और जनप्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन से तत्काल नए विद्यालय भवन की स्वीकृति देने की मांग की है। उनका कहना है कि शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा, जब विद्यार्थियों को सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई करने का अवसर मिले।



### सीएम व डिप्टी सीएम को सौंप चुके हैं आवेदन

ग्राम पंचायत पुरी के सरपंच दीपक गावड़े ने बताया कि नए विद्यालय भवन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई बार आवेदन भेजे गए हैं। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि यदि जल्द ही नए भवन की स्वीकृति नहीं मिली तो बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है।

### अनहोनी का बना रहता है डर

ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। पिछले कई वर्षों से विद्यालय भवन की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। कई बार छत का प्लास्टर टूटकर बच्चों के बैठने की जगह के पास गिर चुका है। अब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई है, लेकिन हर दिन बच्चों और शिक्षकों के मन में अनहोनी का डर बना रहता है। अभिभावकों का कहना है कि वे अपने बच्चों को पढ़ने तो भेजते हैं, लेकिन पूरे समय इस चिंता में रहते हैं कि कहीं कोई हादसा न हो जाए।

### नए भवन की माँग की जा रही

ग्रामीणों के अनुसार पिछले चार से पांच वर्षों से नए विद्यालय भवन की मांग लगातार की जा रही है। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन को कई बार ज्ञापन एवं आवेदन सौंपे जा चुके हैं। बावजूद इसके आज तक नए भवन की स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इससे ग्रामीणों में प्रशासनिक और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता को लेकर नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

# लखनपुरी के पास दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक गंभीर धायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



- तेज रफ्तार ने बिगाड़ा संतुलन और हादसा हुआ

लखनपुरी के समीप बुधवार 15 अप्रैल की दोपहर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक घायल हो गया। हादसा इतना अचानक हुआ कि दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे। घायल युवक के पैर में गंभीर चोट आई, जिसके बाद उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। घटना के बाद कुछ देर तक हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर सामने आया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलवाडीह निवासी 32 वर्षीय चन्द्र प्रकाश त्रिवेन्द्र अपने भांजे अभय परमार के साथ मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 एनयू 2819 से जगदलपुर की ओर जा रहे थे। बुधवार 15 जुलाई को दोपहर करीब 12 बजे जब उनकी बाइक राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर लखनपुरी के पास पहुंची, तभी सामने से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 7298 के चालक ने कथित रूप से तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक के दाहिने हिस्से में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्ष टक्कर के कारण दोनों मोटरसाइकिलों का संतुलन बिगड़ गया और दोनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में चन्द्र प्रकाश त्रिवेन्द्र के बाएं पैर में चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल उनकी मदद की और सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाई। घायल चन्द्र प्रकाश त्रिवेन्द्र ने थाने पहुंचकर पूरी घटना की लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया कि सामने से शेष पेज 12 पर

## छह लीटर शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार



**पखांजुर।** पखांजुर पुलिस ने अवैध महुआ शराब के कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 14 जुलाई को मुखबिर से जानकारी मिलने पर पीव्ही 33 चौक के पास घेराबंदी कर असीम अधिकारी को पकड़ा गया। उसके कब्जे से बिक्री हेतु रखी 06 लीटर हाथ भट्टी निर्मित देशी महुआ शराब अनुमानित कीमत 720 रूपएं तथा शराब बिक्री से अर्जित 300 नगद बरामद कर जब्त किए गए। आरोपी ग्राम पीव्ही 32 रामकृष्णपुर निवासी 47 वर्षीय असीम अधिकारी पिता स्व. निपुल अधिकारी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध विवेचना में लिया गया।

# भर्री में धान बोआई पर पारिवारिक विवाद, चचेरे भाई पर डंडे से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

धान की रोपाई के बीच खेत में शुरू हुआ पारिवारिक विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। खेती के काम में जुटे युवक पर उसके ही चचेरे भाई ने कथित तौर पर बांस के डंडे से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, भविष्य में खेत में धान बोने पर ट्रैक्टर से कुचलने और जिंदा गाड़ देने जैसी गंभीर धमकियां देने का भी आरोप है। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोदपाखा निवासी 36 वर्षीय लखन लाल सिन्हा ने थाना दुर्गुकोंदल में दर्ज शिकायत करते हुए पुलिस को बताया कि 7 जुलाई को वह अपनी पत्नी पुष्पा सिन्हा के साथ अपनी भर्री में धान की बुआई कर रहा था। इसी दौरान उसका चचेरा भाई तिहारू राम सिन्हा वहां पहुंच गया और भर्री में धान बोने की बात को लेकर विवाद करने लगा। दोनों के बीच कहासुनी बढ़ने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और पास में पड़ा बांस का डंडा उठाकर लखन लाल पर हमला कर दिया। हमले में उसके बाएं कंधे के पीछे चोट आई। घटना के समय मौजूद पत्नी पुष्पा सिन्हा ने बीच-बचाव कर किसी तरह विवाद को शांत कराया और आगे की अनहोनी टालने का प्रयास किया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी ने भविष्य में भर्री में धान बोने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। शेष पेज 12 पर



- आरोपी ने खेत में धान बोने पर ट्रैक्टर से कुचलने और जिंदा गाड़ देने की दी धमकी







# कोयलीबेड़ा में एक ही मंच पर शिक्षा के दो सितारों को दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोयलीबेड़ा

शिक्षा के क्षेत्र में दशकों तक अपनी सेवाएं देकर हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारने वाले दो वरिष्ठ शिक्षकों को भावभीनी विदाई देते हुए पूरा विद्यालय परिवार भावुक हो उठा। ब्लॉक मुख्यालय कोयलीबेड़ा के शासकीय उमावि आयोजित सम्मान एवं विदाई समारोह में सेवानिवृत्त प्राचार्य रैनूराम हिडको तथा प्राथमिक शाला मंडलीपारा के सेवानिवृत्त प्रधान अध्यापक एम.आर. कतलाम का शाल, श्रीफल, चंदन-वंदन एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, सम्मान समारोह और भावनात्मक संबोधनों के बीच दोनों शिक्षकों के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया गया।

वक्ताओं ने बताया कि प्राचार्य रैनूराम हिडको ने अपने सेवाकाल की शुरुआत वर्ष 1987 में कोयलीबेड़ा विद्यालय में अधीक्षक के रूप में की थी। वर्ष 1988 में उनका पदस्थापन पूर्व माध्यमिक शाला अलसनार जिला कोंडागांव में उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में हुआ। इसके बाद वर्ष 1993 में उनका पुनः स्थानांतरण कोयलीबेड़ा विद्यालय में हुआ। वर्ष 2007 में उन्हें पदोन्नति देकर प्रधानाध्यापक बनाया गया। बाद में उनका स्थानांतरण अंतागढ़ हुआ। वर्ष 2008 से 2017 तक उन्होंने एकलव्य आदर्श विद्यालय लामकनहार में अधीक्षक के रूप में सेवाएं दीं। इसके पश्चात उनका पुनः स्थानांतरण शासकीय उमावि कोयलीबेड़ा में हुआ, जहां वे वर्ष 2018 से लगातार कार्यरत रहे। वर्ष 2025 में उन्हें प्राचार्य पद पर पदोन्नत किया गया और अंततः 30 अप्रैल 2026 को इसी विद्यालय से सेवानिवृत्त हुए। विशेष बात यह रही कि जिस विद्यालय से उन्होंने अपनी सेवा प्रारंभ की, उसी विद्यालय से उन्होंने अपने गौरवपूर्ण सेवाकाल का समापन भी किया। प्राथमिक शाला मंडलीपारा में पदस्थ प्रधान अध्यापक एमआर कतलाम जो कोयलीबेड़ा के निवासी हैं, ने अपने शिक्षकीय जीवन की शुरुआत वर्ष 1983 में दक्षिण बस्तर के कटेकल्याण क्षेत्र के प्रतापगिरी से की। वर्ष 1993 में उनका स्थानांतरण कोयलीबेड़ा विकासखंड के ग्राम गुदुल स्थित प्राथमिक शाला में हुआ।

## सम्मान समारोह में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



### दायित्व सौंपा गया

*वर्ष 1998 में संकुल समन्वयक पानीडोबीर का दायित्व सौंपा गया। वर्ष 2010 में वे पदोन्नत होकर प्रधान अध्यापक बने तथा जूनागांवडे प्राथमिक शाला में पदस्थ रहे। इसके बाद वर्ष 2011 में स्थानांतरण प्राथमिक शाला मंडलीपारा में हुआ, जहां उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। वर्ष 2025 में वे मंडलीपारा से सेवानिवृत्त हुए।*

### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य एस.के. जैन, एडीओ अशोक टाडिया, सुनीता पांडे, रोहित यादव, दिनेश्वर बघेल, देवबत्ती कुडोपी, संजय कुंजाम, बसंत पद्मामाकर, डी.एस. आंचला, कुलदीप सिन्हा, खुमान साहू, जानकी मरकाम, लीना साहू, ईसिका पटेल, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सहदेव उसेंडी, सरपंच जागेश्वर पुजारी, उपसरपंच अजय साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हेमा हुपेडी, गणमान्य नागरिक रतिराम दुग्गा, श्रवण यादव, मुकेश सहारे, सनकुराम सहित सहित छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन रेखराम सिन्हा एवं सुनील साहू ने किया।

## खबर संक्षेप

### नकटी न्याय पदयात्रा में शामिल हुईं विधायक सावित्री मंडावी



**दुर्गुकोंदल।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सावित्री मनोज मंडावी बुधवार को नकटी गांव पहुंचीं और पीड़ित परिवारों के सम्मान, अधिकार एवं न्याय की मांग को लेकर आयोजित नकटी न्याय पदयात्रा में शामिल होकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और न्याय मिलने तक हर स्तर पर साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन और त्वरित न्याय का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि न्याय में अनावश्यक देरी पीड़ितों के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा नकटी गांव से शुरू होकर राजभवन तक पहुंचेगी, जहां राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच, कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। पदयात्रा में राज्यसभा सांसद फुलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री एवं विधायक अनिला भेड़िया, विधायक अंबिका मरकाम, कविता प्राणलहरे, चातुरीनंद, ओंकार सिंह साहू, विद्यावती सिदार, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प दोहराया।

### स्थानांतरण पर सीईओ सुरेंद्र बंजारे को दी भावभीनी विदाई



**दुर्गुकोंदल।** जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेंद्र बंजारे के जिला कार्यालय कांकेर स्थानांतरण पर बुधवार को जनपद पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लगभग दो वर्षों के कार्यकाल को याद करते हुए उत्कृष्ट प्रशासनिक कार्यशैली, सरल स्वभाव और सहयोगात्मक व्यवहार की सराहना की। सुरेंद्र बंजारे ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दुर्गूकोदल में मिले सहयोग के कारण वे अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सके। उन्होंने कहा कि स्थानांतरण शासन की नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया है और नई जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से निभाएंगे। अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरडी ठाकुर ने कहा कि सुरेंद्र बंजारे के नेतृत्व में जनपद पंचायत में कई प्रशासनिक एवं विकास कार्य प्रभावी ढंग से संपन्न हुए। कार्यालय अधीक्षक आशीष सोनकर और कारोपण अधिकारी रमेश कुमार किशोरे सहित अन्य अधिकारियों ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभिन्न शाखाओं की ओर से उन्हें शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में जनपद पंचायत के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जनजाति आयोग सलाहकार उईके ने ली बैठक दी जानकारी

# आदिवासियों व वन समितियों को पेसा कानून के प्रति जागरूक करना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली के वरिष्ठ विधिक सलाहकार प्रकाश कुमार उईके जिले के प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले की वन प्रबंधन समिति एवं ग्राम सभा के अध्यक्षों की बैठक लेकर कहा कि जनजातीय विकास, कल्याण तथा उनके हितों की रक्षा के लिए संविधान के तहत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि पेसा कानून के क्रियान्वयन के लगभग 30 वर्षों के बाद भी अपने अधिकारों के प्रति आदिवासियों में यथा अपेक्षित जागरूकता नहीं आई है। वन समितियों, ग्राम सभाओं तथा आदिवासियों को पेसा अधिनियम के प्रति जागरूक होने की नितांत आवश्यकता है।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के वरिष्ठ विधिक सलाहकार प्रकाश कुमार उईके ने चर्चा के दौरान बताया कि जनजातीय कल्याण तथा उनके हितों की रक्षा के लिए संविधान की धारा 338 के तहत इस आयोग का गठन किया गया है, जिसमें जनजातियों के मौलिक हितों की रक्षा के लिए अनेक नियमों एवं अधिनियमों का प्रावधान किया गया है। आजादी के दौरान गुजरात के ठक्कर बापा ने सर्वप्रथम जनजातियों के अधिकारों व हितों की कल्पना की, जो आज पेसा अधिनियम के रूप में परिलक्षित है। उनके सतत प्रयासों से ही संविधान में अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पेसा कानून के तहत ग्राम सभाओं को प्रदत्त अधिकारों के प्रति आदिवासियों एवं जनजातियों में अपेक्षित जागरूकता नहीं आई है। आयोग के मंशानुसार पेसा अधिनियम एवं उसमें निहित शक्तियों की जानकारी होना बहुत जरूरी है, क्योंकि इसके अभाव में आज भी वे अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा करने में असमर्थ हैं। इस दौरान उन्होंने वन प्रबंधन समिति तथा ग्राम सभा के अध्यक्षों से सिलसिलेवार चर्चा कर पेसा के तहत प्राप्त शक्तियों एवं अधिकारों की जानकारी दी तथा उनका मार्गदर्शन किया।

इस दौरान भारतीय आदिमजाति सेवक संघ नई दिल्ली के अजय कुमार चौबे, आदिमजाति सेवक संघ छत्तीसगढ़ स्टेट बोर्ड के अध्यक्ष कुंवर जितेन्द्र सिंह राणा तथा जनजातीय सुरक्षा मंत्र नई दिल्ली के सूर्यनारायण सूरी ने भी जनजातीय कल्याण और पेसा अधिनियम के प्रावधानों पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इस अवसर पर डीएफओ कांकेर रौनक गोयल, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जया मनु सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिले की वन प्रबंधन समितियों व ग्रामसभाओं के अध्यक्ष तथा सदस्यगण उपस्थित रहे।

### वन-धन केन्द्र इच्छापुर का किया अवलोकन

वरिष्ठ विधिक सलाहकार प्रकाश कुमार उईके जिले के प्रवास के दौरान कांकेर विकासखंड के ग्राम इच्छापुर पहुंचे जहां उन्होंने वन-धन केन्द्र का अवलोकन कर समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने हर्रा प्रसंस्करण केन्द्र प्रोसेसिंग यूनिट में समूह की महिलाओं से चर्चा की तथा इससे होने वाली आय के बारे मे पूछा और साथ ही और भी बेहतर ढंग से कार्य करने की बात कहीं। इस अवसर पर उनके द्वारा प्रसंस्करण केन्द्र परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे भी रोपे गए।



# यातायात नियमों पर डिजिटल ठगी विशेषज्ञों ने बताए आसान उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कांकेर पुलिस ने बुधवार को आत्मानंद स्कूल पटौद, हायर सेकेंडरी स्कूल पटौद एवं हायर सेकेंडरी स्कूल ठेमा में संयुक्त जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा तथा साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

यातायात पुलिस ने विद्यार्थियों को सड़क संकेतों की भाषा, ट्रैफिक नियमों का पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनिवार्यता, ओवरस्पीड से बचाव तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के महत्व के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से वीडियो दिखाकर समझाया। साथ ही राहवीर योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक को शासन की ओर से 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। डायल-112 की त्वरित सहायता सेवाओं और आपात स्थिति में उसके उपयोग की भी विस्तृत जानकारी दी गई। महिला रक्षा टीम ने छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, बाल अपराध, महिला सुरक्षा, अभिव्यक्ति ऐप तथा आत्मरक्षा एवं सुरक्षा संबंधी आवश्यक उपायों के बारे में जागरूक किया। साइबर टीम ने डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी एवं अन्य साइबर अपराधों से बचने के व्यावहारिक उपाय बताते हुए विद्यार्थियों से किसी भी संदिग्ध लिंक, कॉल या संदेश से सतर्क रहने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य, शिक्षकगण एवं लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# सेंधमारी का शातिर चोर गिरफ्तार स्कूटी समेत चोरी का माल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर में सेंधमारी करके स्कूटी व अन्य सामान की चोरी करने वाले चोर को 48 घंटे में दबोचने में कांकेर थाना पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने शातिर एवं आदतन चोर कोंडागांव जिला मुख्यालय के नहरपारा निवासी 19 वर्षीय सुखराम मंडावी पिता संतु मंडावी से चोरी गया माल एवं स्कूटी बरामद कर ली है।

जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को थाना कांकेर क्षेत्र में स्थित एक किराना दुकान का शटर तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा गुटखा, सिगरेट सहित अन्य सामान तथा दुकान के सामने खड़ी स्कूटी चोरी कर ली गई थी। मामले की रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम का गठन किया गया। टीम ने घटनास्थल का सूक्ष्म निरीक्षण करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज तथा संदिग्ध गतिविधियों का बारीकी से परीक्षण किया। आधुनिक तकनीकों और वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, लेकिन उपलब्ध तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के सामने उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसने देर रात चोरी की नीयत से पहले मकान की कुंडी बाहर से बंद की, फिर लोहे की रॉड से दुकान का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और गुटखा, सिगरेट सहित अन्य सामान चोरी किया। इसके बाद दुकान के भीतर रखी चाबी से सामने खड़ी स्कूटी भी चोरी कर जंगल क्षेत्र में छिपा दी तथा चोरी का सामान अलग-अलग स्थानों पर रखकर बाद में बेचने की योजना बनाई थी। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर पुलिस ने चोरी गया माल एवं स्कूटी बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी प्रवृत्ति का है। उससे लगातार पूछताछ की जा रही है और संभावना है कि उसके माध्यम से क्षेत्र में हुई अन्य चोरी की घटनाओं का भी खुलासा हो सकता है।

विद्यालय परिसर को विकसित किया जाएगा हरित उद्यान के रूप में

# एनएसएस इकाई के पौधारोपण अभियान से शामपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में हरियाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, हरित परिसर के निर्माण के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में व्यापक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर विद्यालय परिसर को एक सुंदर हरित उद्यान के रूप में विकसित करने की पहल की गई। पौधरोपण अभियान में एनएसएस स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परिसर के विभिन्न स्थानों पर छायादार, फलदार एवं सजावटी पौधे लगाए गए। साथ ही इन पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया गया, ताकि आने वाले वर्षों में विद्यालय परिसर हरा–भरा और पर्यावरण अनुकूल बन सके। विद्यालय के प्राचार्य अनूप कुमार विश्वास एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री सहदेव सिदार के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना पैदा करना है। प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय परिसर में अधिक से अधिक वृक्ष लगाने से विद्यार्थियों को स्वच्छ वातावरण और शुद्ध ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। साथ ही प्राकृतिक वातावरण में अध्ययन करने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

- फलदार, फूलदार और छायादार पौधों का रोपण

# सीजीपीएससी एसआई प्रारंभिक परीक्षा शांतिपूर्ण हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर प्रारंभिक परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। जिले में कुल 1057 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 974 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 83 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया गया। शासकीय गुण्डाधूर स्नातकोत्तर महाविद्यालय 250 में से 235 उपस्थित, 15 अनुपस्थित। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय 250 में से 229 उपस्थित, 21 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, तहसीलपारा 257 में से 234 उपस्थित, 23 अनुपस्थित। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, जामकोटपारा 300 में से 276 उपस्थित, 24 अनुपस्थित। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशन में परीक्षा के लिए व्यापक प्रशासनिक तैयारियां की गईं। डिप्टी कलेक्टर अश्वन कुमार पुसाम को नोडल अधिकारी तथा शशिभूषण कन्नौजे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया था।

### मोटराइज्ड ट्राइसिकल से दिव्यांग चक्रधारी को मिली नई राह



**कोण्डागांव।** शासन की दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं के तहत पात्र दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विकासखंड कोण्डागांव के ग्राम मसोरा निवासी मेहत्तर चक्रधारी 70 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग को शासन की योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल मिलने से अब उनके लिए दैनिक कार्यों, सामाजिक गतिविधियों और अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचना पहले की तुलना में अधिक आसान हो गया है। यह सहायक उपकरण मेहत्तर चक्रधारी के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें अधिक आत्मनिर्भर जीवन जीने में मदद करेगा। मेहत्तर चक्रधारी ने मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल उपलब्ध कराने के लिए शासन एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सुविधा से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और अब वे अपने आवश्यक कार्य आसानी से कर सकेंगे।

## पांच सूत्रीय मांगों को पूरा नहीं होने पर बिफरे

# एनएसयूआई ने कॉलेज प्रशासन को दी उग्र आंदोलन करने की चेतावनी

हरिभूम न्यूज ▶▶| पखांजुर

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के नेतृत्व में बुधवार को शासकीय वीर गेंदा सिंह महाविद्यालय पखांजुर में छात्र-छात्राओं ने छात्रहित से जुड़ी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का लोकतांत्रिक घेराव किया। प्रदर्शन के बाद संगठन के जिला उपाध्यक्ष सुभाषिष साना के नेतृत्व में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर मांगों पर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को कई मूलभूत सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी पढ़ाई और शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है। एनएसयूआई ने सबसे पहले जनभागीदारी शुल्क में तत्काल कटौती की मांग उठाते हुए कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ कम होगा। संगठन ने महाविद्यालय के नामानुसार अमर शहीद वीर गेंदा सिंह की प्रतिमा परिसर में स्थापित करने की भी मांग की। उनका कहना है कि इससे विद्यार्थियों को शहीद के त्याग, बलिदान और आदर्शों से प्रेरणा मिलेगी तथा महाविद्यालय की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान और मजबूत होगी। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने, सभी कक्षाओं में सुरक्षा एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा छात्र-छात्राओं की समस्याओं और सुझावों को गोपनीय रूप से प्रशासन तक पहुंचाने के लिए शिकायत एवं सुझाव पेटी स्थापित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल है।



एनएसयूआई पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि छात्रहित से जुड़ी इन मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन को और व्यापक रूप देगा तथा आगामी दिनों में उग्र आंदोलन की रणनीति अपनाई जाएगी। इस दौरान एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष अंकित मंडल, जिला उपाध्यक्ष सुभाषिष साना, रोहन विश्वास, अनिवास राय, दीपांकर सरकार, गोपाल कुंडी, रमेन सरकार, बिधान विश्वास, विक्रम मल्लिक, विनय मंडल, प्रदीप बाइन, रुक्मिणी ऐट्टा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

पेज 11 के शेष...

### लखनपुरी के पास ...

आ रहे बाइक चालक की तेज और लापरवाहीपूर्ण ड्राइविंग के कारण यह दुर्घटना हुई। उन्होंने दोषी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चारामा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएफ 7298 के चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 125(ए) एवं 281 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

### भर्री में धान ...

उसने कथित तौर पर ट्रैक्टर से कुचल देने और जिंदा गाड़ देने जैसी धमकियां भी दीं, जिससे परिवार दहशत में है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी तिहारू राम सिन्हा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 115 (2), 296 एवं 351 (2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की विवेचना की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पंच दिनी हनुमंत ...

बजे से संध्या आरती तक कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन बागेश्वर धाम के शिष्य नीतराज महाराज करेंगे, जबकि वैदिक अनुष्ठानों का संचालन बलराम प्रसाद शर्मा करेंगे। आयोजन के दौरान श्रीराम जन्म, हनुमान जन्म, सुंदरकांड, भगवान शिव की महिमा, चढ़ौत्री एवं पूर्णाहुति जैसे धार्मिक प्रसंग होंगे।

## खबर संक्षेप

### मेडिकल कॉलेज को मिली एनएमसी की स्वीकृति



**दंतेवाड़ा।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने दंतेवाड़ा शासकीय मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026–27 प्रारंभ करने की स्वीकृति मिलना पूरे बस्तर संभाग के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। विधायक चैतराम अटामी ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प तथा डबल इंजन की सरकार की विकासोन्मुखी सोच का परिणाम है, कि आज बस्तर जैसे दूरस्थ एवं आदिवासी अंचल में मेडिकल कॉलेज की सौगात साकार हुई है।

### कन्या शिक्षा परिसर के छात्राओं को लगा एचपीवी टीका



**भोंड।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में अध्ययनरत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के उद्देश्य से एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। खंड चिकित्सा अधिकारी बस्तर के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सकों एवं नर्सों की टीम विद्यालय पहुंची और निर्धारित आयु वर्ग की छात्राओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया। इस दौरान स्वास्थ्य टीम ने छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव, टीकाकरण के महत्व तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों की भी जानकारी दी। विद्यालय प्रबंधन एवं शाला परिवार ने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य पहल के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता एवं टीकाकरण अभियान से छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

### सीएमएचओ ने रथ को दिखाई हरी झंडी



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत 18 जुलाई तक व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा छोटा परिवार, स्वस्थ परिवार की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न विकासखंडों में भ्रमण कर परिवार नियोजन के साधनों, उनके लाभ एवं उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में आमजन को जागरूक करेगा।

### कांग्रेस ने नक्सलवाद पर उजागर किया अपना असली चेहरा



**दंतेवाड़ा।** कोटा से कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा माओवादी कमांडर हिड़मा को अपना रोल मॉडल बताए जाने के बयान पर भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं छत्तीसगढ़ के मीडिया पैनेलिस्ट रामू नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने इस बयान को बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में शहीद हुए सुरक्षाबलों, निर्दोष आदिवासियों और उनके परिजनों का घोर अपमान बताया है। रामू नेताम ने कहा कि हिड़मा बस्तर के इतिहास का एक काला अध्याय है, जिसने वर्षों तक हिंसा और आतंक का वातावरण बनाया।

---

#### हादसों का खतरा बरकरार, सैकड़ों गोवंश की हो रही मौत

# उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद सड़कों से नहीं हटे मवेशी

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा





उच्च न्यायालय के निर्देश के बावजूद स्थानीय प्रशासन पर कोई असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। शहर की सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा बना हुआ है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और व्यस्त मार्गों पर बैठे मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान की

■ जमीनी स्तर पर कार्यवाही नहीं, मवेशी और लोगों की मौत पर कोर्ट गंभीर

दिशा में कोई प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। गौरतलब है कि छग उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार एवं सभी नगरीय निकायों को सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा मवेशियों को हटाने, उनके उचित संरक्षण की व्यवस्था करने तथा सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना स्थानीय प्रशासन और नगरीय निकायों की जिम्मेदारी है। बावजूद नगर की मुख्य सड़कें, बस स्टैंड, अस्पताल मार्ग, कलेक्टोरेट सहित कई स्थानों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। रात के समय इनकी संख्या बढ़ने से दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई दोपहिया वाहन चालक मवेशियों को बचाने के प्रयास में घायल हो चुके हैं।

अलग खबर

नागरिकों का आरोप है कि नगर पालिका समय-समय पर अभियान चलाने के दावे करता हैं लेकिन उनका असर जमीनी स्तर पर नजर नहीं आता।

यदि उच्च न्यायालय के निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। शहरवासियों ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से मांग की है कि न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप विशेष अभियान चलाकर आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाया जाए। गौशाला की व्यवस्था मजबूत की जाए तथा पशु मालिकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि सड़क हादसों पर प्रभावी रोक लग सके। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सड़कों पर बैठे मवेशियों को नहीं हटाने और हो रहे हादसों पर सख्त रुख अख्तियार किया था। हादसों में हुए कई मवेशियों और लोगों की मौत को कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए कहा कि पूरे मामले की जांच कराकर ये बताएं कि इसका जिम्मेदार कौन है।

### मवेशियों की मौत और सड़क हादसों पर कोर्ट सख्त

दरअसल एक याचिकाकर्ता के वकील ने मवेशियों की मौत के आंकड़े सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के सामने रखा था। राष्ट्रीय राजमार्गों पर कई ऐसे स्थान हैं जहां पर मवेशियों के कारण सबसे ज्यादा हादसे होते हैं। सुनवाई में प्रदेश के नगर पालिका, निगम आयुक्तों और ग्राम पंचायतों को कड़े निर्देश कोर्ट ने दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि सड़कों और राजमार्गों में आने वाले पशुओं को रोकें और संभावित दुर्घटना रोकने सख्त कदम उठाएं जाएं

### कोंटा की घटना ने व्यवस्था पर खड़े किये प्रश्न चिह्न

10 जुलाई को कोंटा ब्लॉक के डोंडरा में वाहन की चपेट में आने से 15 गायों की मौत हो गई। घटना स्थल पर गायों व बछड़ों के शव मन को द्रवित करने जैसा था। संभवतः सुकमा जिले की अब तक की सबसे बड़ी घटना है जिसने नागरिकों को झकझोर दिया है। हालांकि राहत की बात यह भी रही कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए खूनी ट्रक को अपने गिरफ्त में लेकर कार्रवाई कर दी।

### तोंगपाल से कोंटा तक मवेशियों का जमावड़ा

एनएच 30 की बात करें तो सबसे ज्यादा मवेशी तोंगपाल से कोंटा के मध्य है। सुकमा शहर जहां आलाधिकारियों के अलावा नगरपालिका का क्षेत्र है वहाँ भी मवेशी रात और दिन में भी मुख्य मार्ग में विचरण करते नजर आते है। नगरपालिका हो हल्ला होने पर जरूर दिखावटी कार्रवाई करती है। लेकिन स्थाई समाधान को लेकर कोई योजना नहीं है।

### बहुत जल्द लेंगे एक्शन: सीएमओ

इस मामले में सुकमा नगरपालिका के सीएमओ विनीत साह ने कहा कि इस पर जल्द एक्शन लेने की योजना बना रहे है। कलेक्टर ने भी इस संबंध में निर्देश है।

---

## मेटापाल-2 में योजनाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

नव पदस्थ जिला पंचायत सीईओ एम. भार्गव ने ग्राम पंचायत मेटापाल 2 में आयोजित बस्तर मुन्ने शिविर का निरीक्षण कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया, ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सेवा वितरण व्यवस्था की समीक्षा की।

सीईओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि बस्तर मुन्ने शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाएं उपलब्ध कराना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने आधार कार्ड निर्माण एवं संशोधन, आयुष्मान कार्ड पंजीयन, श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), जाति प्रमाण पत्र तथा महतारी वंदन योजना सहित विभिन्न सेवाओं में तेजी लाने और पात्र हितग्राहियों को बिना विलंब लाभ पहुंचाने को कहा।

निरीक्षण के दौरान पाया कि कौशल विकास विभाग द्वारा हितग्राहियों के लिए आवश्यक आवेदन प्रपत्र उपलब्ध नहीं कराए गए थे। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल सभी आवेदन प्रपत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा शिविर में मतदाता सूची उपलब्ध नहीं रखने पर भी उन्होंने अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए आवश्यक दस्तावेज तत्काल उपलब्ध कराने तथा निर्वाचन संबंधी सेवाएं सुचारू रूप से प्रदान करने के निर्देश दिए।

## नक्सल मुक्त बस्तर से अब योग युक्त बस्तर की ओर बढ़ते कदम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

छत्तीसगढ़ योग आयोग के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बीजापुर के एक दिवसीय प्रवास के दौरान आश्रम

■ योग आयोग के अध्यक्ष ने ली समीक्षा बैठक एवं प्रेसवार्ता

एवं छात्रावासों के लिए नियुक्त योग प्रशिक्षकों की समीक्षा बैठक लेकर योग को जन-जन तक पहुंचाने की कार्ययोजना पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि बस्तर में योग को जनआंदोलन का स्वरूप देकर प्रत्येक व्यक्ति तक इसके लाभ पहुंचाना आयोग की प्राथमिकता है। सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में अग्रवाल ने कहा कि नक्सल मुक्त बस्तर अब योग युक्त बस्तर बनेगा। उन्होंने बताया कि बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों के साथ-साथ गर्भवती माताओं को भी प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के माध्यम से नियमित योगाभ्यास कराया जाएगा। योग न केवल स्वस्थ एवं निरोग जीवन का आधार है, बल्कि गर्भवती महिलाओं के लिए सामान्य प्रसव में भी सहायक सिद्ध होता है।

वर्तमान शिक्षा सत्र से विद्यालयों में योग को अधिक प्रभावी ढंग से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों में अनुशासन, एकाग्रता और स्वस्थ जीवनशैली का विकास हो सके। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में योग वाटिकाओं का निर्माण कर प्रत्येक नागरिक को नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया जाएगा।

अग्रवाल ने कहा कि बस्तर संभाग को प्राथमिकता देते हुए योग आयोग व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाएगा, जिससे योग को लोगों की दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाया जा सके और स्वस्थ, निरोग एवं सकारात्मक समाज का निर्माण हो। इस अवसर पर डॉ मनोज पाणिग्रही राज्य प्रभारी पतंजलि योग समिति, राम मणि शुक्ल जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति रायपुर, ईला हरि राव राज्य कार्यकारी भारत स्वाभिमान न्यास रायपुर प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ राकेश ठाकुर एवं अन्य अतिथिगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बीआरसी ने बच्चों को पढ़ने, बोलने और सीखने के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बीआरसी बस्तर अजंबर कोर्राम ने संकुल चामिया के प्राशा पटेलपारा भरनी एवं माशा चमिया का निरीक्षण कर विद्यालयों में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। प्राथमिक शाला पटेलपारा भरनी में प्रार्थना सभा के दौरान बीआरसी ने विद्यार्थियों से संवाद किया और बोलेगा बचपन गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को आत्मविश्वास के साथ मंच पर आकर कविता, कहानी, अंग्रेजी पोएम तथा पहाड़े सुनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से प्रार्थना सभा में प्रस्तुति देने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ता है, भाषा कौशल विकसित होता है तथा व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। इसके पश्चात बीआरसी ने संकुल चामिया स्थित माध्यमिक शाला का निरीक्षण किया। कक्षाओं में चल रहे अध्यापन कार्य का अवलोकन किया गया तथा विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली गई। उन्होंने विद्यार्थियों को अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि विकसित करने के लिए प्रतिदिन अंग्रेजी की पुस्तक पढ़ने, नए शब्द सीखने तथा सही उच्चारण के साथ पढ़ने का अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण एवं गतिविधि आधारित शिक्षण पर विशेष ध्यान देने, बच्चों की नियमित शैक्षणिक प्रगति का मूल्यांकन करने तथा प्रत्येक विद्यार्थी की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## एबीईओ ने किया शालाओं का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|

बस्तर/भानपुरी



सहायक खंड शिक्षा अधिकारी और संकुल स्रोत समन्वयक द्वारा विकासखंड बस्तर ने शासकीय शालाओं का आकस्मिक और सघन निरीक्षण किया। इस दौरान शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला बाकेल और प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला कोंगाल्गुड़ा, शासकीय प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला फरसागुड़ा, शासकीय प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला बड़ेपारा तारागांव शाला की व्यवस्थाओं की जांच की गई। सभी संस्थाओं में शिक्षक उपस्थिति व छात्र उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी, डाक पंजी, कैशबुक, स्टॉक पंजी, मध्यान्ह भोजन पंजी, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरण पंजी सहित सभी शैक्षणिक और वित्तीय अभिलेखों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया। पंजियों के अद्यतन संधारण के लिए मौके पर आवश्यक निर्देश दिए गए।

मध्यान्ह भोजन योजना के तहत भोजन की गुणवत्ता, मीनू के अनुसार दैनिक भोजन निर्माण, खाद्य सामग्री का सुरक्षित भंडारण, रसोइयों की स्वच्छता, बर्तन और रसोईघर की स्थिति का निरीक्षण किया गया। बच्चों को गरम पका भोजन परोसने और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के कड़े निर्देश दिए गए।


निरीक्षण कार्य पूर्ण होने के बाद संकुल केंद्र बाकेल के माध्यमिक शाला बाकेल में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी और ग्राम सरपंच की अध्यक्षता में संकुल समन्वयको की उपस्थिति में समस्त प्रधान पाठकों और पालकों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में समस्त संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया कि वे अपने विद्यालयों का संचालन नियमितता, अनुशासन और व्यवस्थित तरीके से करना सुनिश्चित करें। शासन की सभी योजनाओं जैसे मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश वितरण का क्रियान्वयन पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ करने को कहा गया। सभी शिक्षकों को विभागीय नियमों का कड़ाई से पालन करते हुए कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करने के निर्देश दिए गए और स्पष्ट किया गया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जनता बर्दाश्त नहीं करेगी नक्सलियों का गुणगान: जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव द्वारा नक्सली कमाण्डर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने का प्रतिकार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व से सवाल किया है कि क्या वह अपने विधायक के इस देशविरोधी बयान से सहमत हैं। यदि नहीं, तो कांग्रेस ने अब तक उन पर कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की। छत्तीसगढ़ की जनता नक्सलियों को मसीहा बताने वाले इस कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। बस्तर के जिन परिवारों ने नक्सली हिंसा में अपनों को खोया है, कांग्रेस विधायक का यह बयान उनके जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है।

## नक्सलवाद को संरक्षण देने वाली कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष जी. वेंकटेश्वर ने कांग्रेस विधायक अटल श्रीवास्तव ने दुर्दान्त और खूंखार नक्सली कमाण्डर हिड़मा का महिमामण्डन किए जाने पर कड़ा प्रतिकार किया है। उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ की शांति, लोकतंत्र और बस्तर में शहादत देने वाले वीर जवानों व निर्दोष आदिवासियों का घोर अपमान बताया और कांग्रेस विधायक से इस शर्मनाक कृत्य के लिए जनता और शहीदों के परिवारों से बिना शर्त माफी की मांग की है। उपाध्यक्ष ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यजनक और निंदनीय है कि कांग्रेस के एक जिम्मेदार विधायक उस नक्सली हिड़मा की तुलना महान विभूतियों से कर रहे हैं, जो झीरम घाटी हमले, ताड़मेटला और बीजापुर-सुकमा के अनगिनत नक्सली हमलों का मास्टरमाइण्ड रहा है। हिड़मा ने छत्तीसगढ़ की धरती को हमारे वीर जवानों और निर्दोष आदिवासियों के खून से लाल किया है। ऐसे राष्ट्रविरोधी और नरभक्षी का महिमामण्डन करना कांग्रेस की विकृत और नक्सल-समर्थक सोच को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज जब भाजपा सरकार बस्तर में विकास पहुंचा रही है और नक्सलियों को बैकफुट पर धकेल रही है, तब कांग्रेस नेताओं की यह छटपटाहट और नक्सलियों के प्रति हमदर्दी शर्मनाक रूप से सामने आ रही है।



### बैकलॉग भर्ती की सूची जारी

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य आजीविका मिशन "बिहान" के अंतर्गत स्वीकृत बैकलॉग पदों की भर्ती प्रक्रिया के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की प्रारंभिक जांच के बाद प्रावधानिक सूची जारी कर दी गई है। यह कार्रवाई विकास आयुक्त कार्यालय, विकास भवन नवा रायपुर के निर्देशों के अनुरूप की गई है। जारी सूची में विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक का 1 पद, क्षेत्रीय समन्वयक के 2 पद, लेखापाल का 1 पद तथा लेखा सह एमआईएस सहायक का 1 पद शामिल है। अभ्यर्थी सूची का अवलोकन जिला पंचायत बस्तर के सूचना पटल एवं जिला बस्तर की आधिकारिक वेबसाइट पर कर सकते हैं। जिला पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत शैक्षणिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र तथा अन्य जानकारी के संबंध में यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो, तो वह आवश्यक साक्ष्यों एवं प्रमाणों सहित अपना अभ्यावेदन 24 जुलाई तक कार्यालयीन दिवस एवं समय में जिला पंचायत कार्यालय की आवक शाखा में प्रस्तुत कर सकता है।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# मछली खरीदने को लेकर विवाद पर दो युवकों ने दो महिला समेत तीन को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

महज कुछ किलो मछली खरीदने की बात ने चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम गोटीटोला में ऐसा तूल पकड़ लिया कि देखते ही देखते विवाद खूनी झड़प में बदल गया। उधार में मछली खरीदने से इंकार करने पर भड़के दो युवकों ने कथित तौर पर घर पहुंचकर एक व्यक्ति पर डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, बीच-बचाव करने आईं दो महिलाओं को भी नहीं बख्शा गया। घटना के बाद पूरे गांव में युवकों की दबंगई की चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के

■ आरोपियों की दबंगई से पीड़ित परिवार दहशत में

## बीच बचाव में आईं दो महिलाओं पर बरसाए डंडे

### जान से मारने की दी धमकी

मारपीट की आवाज सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचीं देवन्तीन बाई भी आरोपियों के गुस्से का शिकार बन गईं। शिकायत में बताया गया है कि त्रिलोक ने डंडे से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे उन्हें चोट आई, वहीं दूसरी महिला धर्मोतिन बाई के साथ भी बिष्णु राम द्वारा लात-घूंसों से मारपीट और गाली-गलौज किए जाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि आरोपियों ने घटना के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे परिवार भयभीत है।



### मामले की जाँच शुरू, जल्द होगी कार्रवाई

घटना की शिकायत मिलने के बाद थाना चारामा पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 296, 3(5) और 351(2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

अनुसार थाना चारामा क्षेत्र के ग्राम गोटीटोला निवासी 56 वर्षीय सोनउ राम दुग्गा ने पुलिस को बताया कि 14 जुलाई की शाम करीब चार बजे गांव में बाहर से एक व्यक्ति मछली बेचने आया था। उन्होंने अपने लिए मछली खरीदी, इसी दौरान गांव के ही बिष्णु राम ने उनसे अपने लिए भी मछली खरीदने की बात कही। सोनउ राम ने पैसे नहीं होने और उधार मांगकर मछली नहीं खरीदने की बात कहकर मना कर दिया। इसी बात से नाराज होकर कुछ देर बाद बिष्णुराम अपने साथी त्रिलोक के साथ सोनउराम के घर पहुंच गया। आरोप है कि दोनों ने दबंगई दिखाते हुए पहले गाली-गलौज शुरू की और फिर देखते ही देखते डंडों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

## खबर संक्षेप

### दमकसा की 42 छात्राओं मिली निशुल्क सायकिल

**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा में आयोजित नि:शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम में 42 पात्र छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मुख्य अतिथि जनपद सभापति विकास राजू नायक ने कहा कि यह योजना बेटियों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता और शिक्षा को नई मजबूती प्रदान कर रही है। प्राचार्य हेमलता बाडिया ने छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में पालक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### संविदा भर्ती की चयन और प्रतीक्षा सूची जारी

**कांकेर।** जिले में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत संविदा भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विकासखण्ड परियोजना प्रबंधक एवं लेखापाल के एक-एक पद के लिए अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची जारी कर दी गई है। जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि रिक्त पदों के विरूद्ध पात्र अभ्यर्थियों की प्रावीण्यता के आधार पर उनके दस्तावेजों का सत्यापन, कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार के उपरांत तैयार की गई अंतिम चयन एवं प्रतीक्षा सूची जिले की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### आदिवासी महिला व नवजात की मौत पर परिवार पहुंचा आयोग

**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर के एक निजी अस्पताल में आदिवासी महिला और उसके नवजात शिशु की मौत के मामले में मृतिका के पति ने अनुसूचित जनजाति आयोग में शिकायत दर्ज कर न्याय की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की जांच में अस्पताल की गंभीर लापरवाही और अवैध संचालन उजागर होने के बावजूद अब तक दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई। मृतिका के पति कमलेश कोमरा ने बताया कि 17 मई को उनकी पत्नी द्रौपदी कोमरा को प्रसव पीड़ा होने पर पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में भर्ती कराया गया था। सोनोग्राफी में गर्भजल कम होने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया। आरोप है कि वहां बिना विशेषज्ञ डॉक्टर के अप्रशिक्षित स्टाफ ने कई घंटे तक सामान्य प्रसव कराने का प्रयास किया, जिससे 18 मई को महिला और नवजात की मौत हो गई। 23 जून को स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट में अस्पताल में योग्य डॉक्टर और प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ के अभाव की पुष्टि होने का दावा किया गया। इसके बाद प्रशासन ने अस्पताल के प्रसूति एवं सोनोग्राफी कक्ष को सील किया, लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अब तक किसी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने आयोग से दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई, अस्पताल का पंजीयन निरस्त करने तथा पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की गई है।



### निधन

#### मन्नूराम पुड़ो

**दुर्गूकोंदल।** विकास खंड दुर्गूकोंदल के निवासी मन्नूराम पुड़ो का निधन हो गया है, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम दरगढ़ में किया गया, जिसमें रिश्तेदार व ग्रामवासी उपस्थित रहे। वे ग्राम पंचायत कोडे के सरपंच प्रेम पुडो के बड़े पिताजी थे।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : रंजना साहू

# बूथ की मजबूती जीत की गारंटी, जन-जन को मिलेगा योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के संकल्प के साथ भारतीय जनता पार्टी भानुप्रतापपुर मंडल की त्रैमासिक कार्यसमिति बैठक उत्साहपूर्ण माहौल में हुई। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की भूमिका और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

■ बूथ सशक्तिकरण और जनसंपर्क अभियान पर मंथन

मुख्य अतिथि एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को पूरी सक्रियता और समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष महेश जैन ने संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन, बूथ सशक्तिकरण और संगठन विस्तार पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि मजबूत संगठन ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। जिला महामंत्री राजा पांडे ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कार्यकर्ताओं से योजनाबद्ध एवं समयबद्ध तरीके से कार्य करने का आग्रह किया। आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए संगठनात्मक कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए आगामी कार्ययोजना और मंडल की गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक के दौरान नव नियुक्त एल्डरमैन हेमप्रकाश शिवहरे, संगीता टांडिया एवं जुगल किशोर शर्मा का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया।



### बैठक में यह रहे शामिल

बैठक में कस्तूरचंद जैन, नरोत्तम चौहान, नरपत बोथरा, भारत सिंह जैन, भीखम आरदे, गजानंद डड़सेना, छबिलाल जैन, डालन सिंह राणा, सोमनाथ सोनी, लेखराज सोनी, गीतेलाल पटेल, परमेश्वर कवाड़े, ललित गांधी, हरि यादव, विष्णु कचलाम, जागेश्वर नरेटी, शैलेश ठाकुर, राजेंद्र ध्रुव, योगेश सोनवानी, छत्रप्रताप दुग्गा, रत्नेश सिंह ठाकुर, जीवराखन, छत्रपाल यद्धु, जितेंद्र पांडे, अरविंद जैन, गुरपाल सिंह रंधावा, कौशल्या उईके, राजेश्वरी कचलाम, लक्ष्मण कुलदीप, गीता ठाकुर, संतोषी ठाकुर, ममता नरेटी, शकुंतला यादव, कांति हिड़को, लक्ष्मी मांडवी, सरस्वती विश्वास, वरुण खापर्डे एवं चैतूराम अचला सहित मंडल, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ता को दी श्रद्धांजलि

बैठक के समापन पर भाजपा के दिवंगत कार्यकर्ता स्व. अखिल सिंह राठौर एवं स्व. दिलीप चंद्राकर को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ बैठक का विधिवत समापन हुआ।

# घर के बाहर से बाइक की चोरी आरोपी को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पखांजुर



थाना पखांजूर क्षेत्र के ग्राम पीव्ही-36 नवीनपल्ली में मोटरसाइकिल चोरी के मामले में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। चोरी के मामले का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीव्ही-36 नवीनपल्ली निवासी 32 वर्षीय तापस ढाली ने थाना पखांजुर में लिखित आवेदन देकर बताया कि उसने करीब तीन वर्ष पहले ग्राम पीव्ही-114 भरतपुर निवासी महितोष घोष से बजाज प्लेटिना मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीके 8287 खरीदी थी। 5 जुलाई की सुबह वह अपने पिता को दवा दिलाने के लिए गांव की मितानिन चंचला फौजदार के घर गया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल सड़क किनारे चाबी लगी हुई अवस्था में खड़ी कर दी। पिता को दवा दिलाने के बाद जब वह वापस लौटा तो मोटरसाइकिल वहां नहीं थी। पुलिस ने आरोपी गौरांग मंडल निवासी पीव्ही-36 नवीनपल्ली के विरुद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल कुमार राखेचा (भा.पु.से.) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पखांजूर राकेश कुमार कुर्रे तथा एसडीओपी पखांजूर रवि कुमार कुजूर के मार्गदर्शन में की गई।

शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और संदेह के आधार पर नवीनपल्ली निवासी 31 वर्षीय गौरांग मंडल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जांच के दौरान आरोपी द्वारा मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किए जाने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक समोद शर्मा, प्रधान आरक्षक रविंद ठाकुर, प्रधान आरक्षक लिहेंद्र देवांगन, आरक्षक राकेश ध्रुव, महिला आरक्षक ममता मांडवी एवं आरक्षक डोमेश्वर यामले की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विस परिसर में विधायक सावित्री ने मां के नाम पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर, रायपुर में आयोजित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने अपनी माता पिसाड़ीन बाई शोरी के नाम पर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान का प्रेरणादायी संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों से प्रकृति के संरक्षण को सामाजिक दायित्व मानते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। पौधरोपण के उपरांत विधायक ने कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं। उनका स्नेह, त्याग और संस्कार जीवनभर हमारा मार्गदर्शन करते हैं। ऐसे में मां के सम्मान में एक पौधा लगाना केवल भावनात्मक श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और सुरक्षित पर्यावरण का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और इसमें प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और मातृत्व दोनों ही जीवन के आधार हैं। जिस प्रकार मां अपने बच्चों का पालन-पोषण करती हैं, उसी प्रकार प्रकृति समस्त जीव-जगत का संरक्षण करती है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाए, और उसकी जिम्मेदारीपूर्वक देखभाल करे, तो प्रदेश ही नहीं, पूरा देश हरियाली से आच्छादित हो सकता है। उन्होंने नागरिकों से इस अभियान को जन-आंदोलन का रूप देने की अपील करते हुए कहा कि पौधरोपण तभी सार्थक होगा, जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए।



■ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला कांग्रेस की कार्यवाहक प्रदेशाध्यक्ष संगीता सिन्हा, डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेंड़िया, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम तथा बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनकराम ध्रुव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहें। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संतुलन और मातृ सम्मान का सशक्त संदेश दिया गया। उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपने परिवार और समाज के साथ मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल कर हरित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान किया।

# चारामा अस्पताल में सिजेरियन सुविधा फिर शुरू करने जनता ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

रानी दुर्गावती शासकीय अस्पताल चारामा में बंद पड़ी सिजेरियन (ऑपरेशन) से प्रसव की सुविधा को दोबारा शुरू करने की मांग अब सोशल मीडिया से निकलकर जनभावना का रूप ले चुकी है। क्षेत्रभर में व्हाट्सएप ग्रुपों और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक अपील तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन से अस्पताल में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, एनेस्थेटिस्ट और आवश्यक मेडिकल स्टाफ की तत्काल नियुक्ति कर सिजेरियन सुविधा बहाल करने की मांग की जा रही है।

चारामा क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि कुछ समय पहले तक रानी दुर्गावती शासकीय अस्पताल में सिजेरियन प्रसव की सुविधा उपलब्ध थी। इससे चारामा विकासखंड सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों की गर्भवती महिलाओं को समय पर उपचार मिल जाता था और गंभीर परिस्थितियों में भी सुरक्षित प्रसव संभव हो पाता था। लेकिन वर्तमान में विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ की कमी के कारण यह सुविधा पूरी तरह बंद हो गई है।

सुविधा बंद होने का सबसे अधिक असर आर्थिक रूप से कमजोर और दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं पर पड़ रहा है। जटिल प्रसव की स्थिति में गर्भवती महिलाओं को कांकेर, धमतरी, रायपुर या निजी अस्पतालों तक ले जाना पड़ता है। इससे न केवल उपचार में देरी होती है, बल्कि मरीज और परिजनों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। कई बार आपात स्थिति में समय पर इलाज नहीं मिलने से मां और नवजात दोनों की जान खतरे में पड़ने की आशंका बनी रहती है।




### सोशल मीडिया में की जा रही अपील

सोशल मीडिया पर वायरल हो रही अपील में चारामा ब्लॉक के जनप्रतिनिधियों, जनपद एवं जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग से आव्हान किया गया है कि रानी दुर्गावती शासकीय अस्पताल में शीघ्र गायनेकोलॉजिस्ट, एनेस्थेटिस्ट और आवश्यक मेडिकल स्टाफ की नियुक्ति सुनिश्चित कर सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा पुनः शुरू कराई जाए। लोगों ने उम्मीद जताई है कि जनभावनाओं को देखते हुए शासन और स्वास्थ्य विभाग जल्द सकारात्मक निर्णय लेकर चारामा अस्पताल में सिजेरियन प्रसव सुविधा फिर से शुरू करेंगे।

## भंडारीपारा में हर्षोल्लास से मनाया शाला प्रवेश उत्सव

**कांकेर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भंडारीपारा कांकेर में शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, पालकों, वार्ड के गणमान्य नागरिकों, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों तथा शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधान पाठक हेमेंद्र साहसी ने उपस्थित पालकों से बच्चों की पढ़ाई, प्रगति और दैनिक दिनचर्या पर चर्चा करते हुए उनसे घर पर भी बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए समय देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने, आगे बढ़ने और अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी अपने विचार व्यक्त कर शिक्षा के प्रति उत्साह और संकल्प का परिचय दिया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति एवं पालक प्रतिनिधियों सहित संजय कुमार बघेल, लखन लाल पटेल, अशोक यादव, पवन निर्मलकर, संजय पटेल, कौशल यादव, सुनीता यादव, अनीता नेताम, सरिता यादव, नंदिनी भंडारी, प्रतिभा ध्रुव, उमेश्वरी मानिकपुरी, सरिता धनकर, अनूप यादव, रीना नाग, चांदनी पटेल, मिथिला पटेल, सुरेखा यादव, शिवनंदनी यादव, लोकेश्वरी पटेल, प्रियंका सलाम, रंगीला देवी और मीना यादव सहित अनेक पालक एवं नागरिक उपस्थित रहें।

## प्रोत्साहन पारिश्रमिक की राशि बांटी गई

**कांकेर।** तेन्दूपत्ता संग्रहण सीजन 2023 के लिए जिले के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) राशि का वितरण शुरू किया गया है। सीजन 2023 में जिले की 104 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 01 हजार 248 संग्रहण केन्द्रों के माध्यम से 86 हजार 889 संग्राहकों द्वारा 1,48,110.625 मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ था। जिले के तीनों वनमंडल के समितियों के 84 हजार 658 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 33 करोड़ 26 लाख 38 हजार 657 रुपए की प्रोत्साहन पारिश्रमिक (बोनस) राशि का भुगतान किया जाएगा।

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए नए वैज्ञानिकों को मिले टिप्स

# कृषि विज्ञान केंद्र खेती की वैज्ञानिक तकनीक पहुंचाने की है मजबूत कड़ी : डॉ. गिरीश चंदेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बदलते कृषि परिदृश्य में किसानों तक नई तकनीकों को तेजी से पहुंचाने और कृषि विज्ञान केंद्रों की भूमिका को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में कांकेर में पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने नव नियुक्त विषय वस्तु विशेषज्ञों से नवाचार, समर्पण और आधुनिक तकनीक के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत नव नियुक्त विषय वस्तु विशेषज्ञों के लिए बदलते परिदृश्य में कृषि विज्ञान केन्द्रों की कार्यप्रणाली विषय पर पांच दिवसीय ओरिएंटेशन कम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 13 जुलाई से शुरू हुआ और 17 जुलाई तक तक चलेगा। प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों से आए नव नियुक्त विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि अनुसंधान संस्थानों और किसानों के बीच सबसे महत्वपूर्ण सेतु हैं। उन्होंने विशेष रूप से बस्तर संभाग में पदस्थ नव नियुक्त विषय वस्तु विशेषज्ञों से अपेक्षा की कि वे समर्पण, नवाचार और सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए वैज्ञानिक खेती की उन्नत तकनीकों को गांव-गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान केवल अनुसंधान से नहीं, बल्कि अनुसंधान के प्रभावी प्रसार से संभव है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के विस्तार सेवाओं के निदेशक डॉ. एस. एस. टुटेजा ने वार्षिक प्रशिक्षण कैलेंडर की जानकारी देते हुए विषय वस्तु विशेषज्ञों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर, 10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशि:-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411